नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 370/2021
Dt-7-9-2021

कार्यपालक निदेशक,
राज्य स्वास्थ्य समिति,
बिहार, पटना।

विषयः—**मधुबनी जिलान्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल झंझारपुर में जर्जर भवन के मरम्मति कार्य, स्वीकृत पद के अनुरूप पदस्थापन करने एवं स्वास्थ्य सुविधा उन्नयन के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल, झंझारपुर इस इलाके का सबसे पुराना एवं बड़ा अस्पताल है, जहां झंझारपुर एवं फुलपरास अनुमंडल के 8 प्रखंडो के मरीजों का ईलाज होता है। यह क्षेत्र बाढ़ प्रवन्न है।

झंझारपुर एक बड़ा शहर होने के साथ यहां अनेक केन्द्र एवं राज्य सरकार के कार्यालय, सभी सरकारी एवं गैर सरकारी बैंकों की शाखाएं, अनेक शिक्षण संस्थान एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान अवस्थित हैं। झंझारपुर में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसे प्रारंभ होने में लगभग 3–4 वर्ष का समय लग ही जाएगा। अनुमंडलीय अस्पताल, झंझारपुर ही अभी ईलाज का एकमात्र केन्द्र है। इस अस्पताल में स्वीकृत पद के अनुरूप चिकितसक, चिकित्साकर्मी एवं मानव–बल की संख्या में कमी है।

कोविड–19 जैसे वैश्विक महामारी के साथ अन्य रोगों के ईलाज हेतु आधारभूत सुविधाएं यथा चिकित्सक, विशेषज्ञ चिकित्सक, नर्सेज, पारा मेडिकल स्टाफ, तकनीशियन, के साथ आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराना अनिवार्य है। अनुमंडलीय अस्पताल झंझारपुर का भवन पुराना होने के साथ जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है, जिसे मरम्मति कार्य कराने की आवश्यकता है।

अनुमंडलीय अस्पताल, झंझारपुर में उत्तम स्वास्थ्य सुविधा मिलने से निकट के फुलपरास अनुमंडल के रोगी भी लाभांवित होंगे साथ ही जिला अस्पताल, मधुबनी पर भी रोगियों का भार कम होगा। अनुमंडलीय अस्पताल, झंझारपुर में मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि॰, समस्तीपुर के सौजन्य से 400 LPM क्षमता की पी॰एस॰ए॰ प्लांट का अधिष्ठापन भी किया जा रहा है।

अतः अनुरोध है कि अनुमंडलीय अस्पताल, झंझारपुर के जर्जर भवन के मरम्मति कार्य, स्वीकृत पद के अनुरूप पदस्थापन करने एवं स्वास्थ्य सुविधा के उन्नयन हेतु समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
7·9·21

(नीतीश मिश्रा)
ईमेल—**mla-jjpur-bih@nic.in**

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in